प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 14.07.2025

मुख्य समाचारः—

- विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू—पहले दिन सदन में खाद—बीज संकट का मुद्दा गूंजा।
- बीजापुर जिले में माओवादियों द्वार लगाई गई आईईडी में विस्फोट होने से तीन ग्रामीण घायल।
- प्रदेश के अलग—अलग स्थानों में जहरीला मशरूम खाने से करीब सत्रह लोग बीमार।
- सावन के पहले सोमवार में आज शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़— हर—हर महादेव के नारों के साथ जगह—जगह निकाली गई कांवड़ यात्राएं।

विधानसभा समाचार—01

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। अट्ठारह जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

सत्र के पहले दिन आज शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और कांग्रेस विधायकों ने राज्य में खाद—बीज संकट का मुद्दा उठाया और इस बारे में स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉक्टर महंत ने कहा कि पूरे राज्य में खाद की भारी किल्लत है और किसाने इससे दुखी है तथा उन्हें दोगुने भाव से बाजार से खाद खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरकार ने वैकल्पिक खाद की व्यवस्था की है। किसानों को नैनो उर्वरकों के साथ ही वैकल्पिक खाद के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कृषि मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य होने के बाद कांग्रेस विधायकों ने गर्भगृह में पहुंच कर नारेबाजी की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। गर्भगृह में पहुंचने के कारण कांग्रेस के विधायक स्वमेव निलंबित हो गए। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायकों के निलंबन को समाप्त किया।

बाद में विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि अमानक बीज और अमानक खाद के मामलों में सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

विधानसभा समाचार–02

प्रश्नकाल की शुरूआत में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सदन में उठाया। जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा की जांच ईओडब्ल्यू से कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्व मंत्री से इस परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। कांग्रेस सदस्य राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में हुई गड़बड़ी के लिए सदन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस सदस्यों सदन से बहिगर्मन कर दिया।

बाद में विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही है।

आज प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने बस्तर विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक भर्ती में हुई अनियमितता का मामला उठाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जवाब में कहा कि इस मामले की जांच चल रही है और रिपोर्ट आने के बाद इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, आज विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सदन में छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

नये विधानसभा परिसर–पौधारोपण

वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जैव विविधता तथा वेटलैंड संरक्षण कार्यशाला का आयोजन नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और समस्त विधायक शामिल हुए। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वन विभाग की ओर से यहां प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

कार्यशाला के बाद 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत नवा रायपुर स्थित नये विधानसभा परिसर में ''पौधारोपण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नये विधानसभा परिसर को हरा–भरा बनाए रखने के लिए आज वृक्षारोपण किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री सहित मंत्रि–परिषद के सदस्यों और सभी विधायकों ने गुलमोहर के पौधे लगाए।

वहीं, आज सीमा सुरक्षा बल द्वारा नया रायपुर के सेक्टर सत्रह में स्थित बीएसएफ परिसर और आसपास के इलाकों में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक के साथ ही अन्य अधिकारियों और जवानों ने बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया।

<u>आईईडी–ग्रामीण घायल</u>

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने आज एक संयुक्त अभियान में माओवादियों द्वारा जंगल में छिपा कर रखी गई चार भरमार बंदूकों को बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान जंगल से इन बंदूकों को बरामद किया गया।

इस बीच, बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना अंतर्गत धनगोल गांव के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाई गई आईईडी में विस्फोट होने से एक बालिका सहित तीन ग्रामीण घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये तीनों ग्रामीण धनगोल गांव के जंगल में मशरूम इकट्ठा करने गए हुए थे। इसी दौरान वे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों ग्रामीणों को उपचार के लिए बीजापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<u>विषाक्त भोजन–बीमार</u>

बालोद जिले के डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम मुड़खुसरा गांव में एक ही परिवार के तेरह लोग विषाक्त भोजन खाने से बीमार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार गांव के एक परिवार में जंगली मशरूम की सब्जी खाने के बाद सभी को उल्टी–दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। तत्काल सभी को डौंडीलोहारा के शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

उधर, कबीरधाम जिले के कवर्धा–बोड़ला में भी जहरीला मशरूम खाने के कारण एक ही परिवार के चार लोग बीमार हो गए। इन सभी का इलाज बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

<u>सावन सोमवार</u>

आज सावन का पहला सोमवार है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा–अर्चना की। रायपुर में कांवड़ियों ने महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जल चढ़ाया। वहीं, बूढ़ेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में भी आज सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही।

उधर, कबीरधाम जिले में आज पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव के लिए पदयात्रा निकाली गई। अट्ठारह किलोमीटर की इस पदयात्रा में पांच हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। हर–हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजते कवर्धा नगर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक श्रद्धा और शिवभक्ति का माहौल देखने को मिला।

इस यात्रा का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। इस वर्ष नर्मदा के पवित्र जल से भोरमदेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा छह सौ पैकेट नर्मदा जल की विशेष व्यवस्था की गई है। इस पदयात्रा में भगवान शिव की विविध स्वरूपों में तैयार की गईं झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बांग्लादेश और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है। यह निम्नदाब का क्षेत्र पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे लगा हुआ एक चक्रवाती घेरा दक्षिण पूर्व गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर बना हुआ है। इसके अगले चौबीस घंटे में प्रबल होने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले हो सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

- श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली ट्रेन कल पन्द्रह जुलाई को रायपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
- कल तरपोंगी स्थित टोल प्लाजा के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ–एनएसयूआई द्वारा किए गए घेराव के बाद आज प्रशासन द्वारा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय समेत नौ पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई है।